-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 08.03.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना समाधान दिवस पर श्रीमान मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल द्वारा थाना बिसंडा पर सुनी गई जनता की शिकायतें। जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना बबेरु पर जनशिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को किया गया निर्देशित।**

विवरण- जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 08.03.2025 को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर श्रीमान मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल श्री अजीत कुमार द्वारा थाना बिसंडा पर जनशिकायतों को सुना गया, इस दौरान कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें टीम गठन करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0रिभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना बबेरु जनशिकातें सुनी गई इस दौरान कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष 03 शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा कोतवाली नगर पर जनता की शिकायतें सुनी गई। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया।